# कार्यालय प्रभारी गैराज, नगर निगम,सहारनपुर।

पत्रांकः 08 /निविदा/गै०स्टो०/न०नि०सहा०/2022-23 दिनांकः 22-10-22

**अल्पकालिक निविदा सूचना द्वारा ई-टैण्डर**

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग गैराज स्टोर पर निम्नलिखित वाहनों की मरम्मत/सर्विस हेतु निर्माता कम्पनी/फर्म से दिनांक 29.10.2022 को पुर्वान्ह 02:00 बजे तक वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर निविदाएं निर्माता कम्पनी/फर्म से शर्तो के आधार पर आमन्त्रित की जाती है। सभी निविदाएं अभिलेख एंव शर्ते वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 22.10.2022 से दिनांक 29.10.2022 को पूर्वान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है, तथा निर्माता कम्पनी/फर्म दिनांक 29.10.2022 को पूर्वान्ह 02:00 बजे तक वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है, निविदा के साथ निर्धारित जमानत राशि एफ0डी0आर0 एवं निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट के रुप में जो लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में बंधक करा कर शर्तो में वर्णित समस्त प्रमाण पत्रो की छायाप्रति सहित स्वंय प्रमाणित कर दिनांक 29.10.2022 को सांयकाल 02:00 बजे तक ही वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड करना होगा जोकि निविदादाता की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष दिनांक 29.10.2022 को सांयकाल 04:00 बजे खोले जायेगें। विना जमानत राशि एंव सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर में निहित होगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते नगर निगम की वेबसाइट **saharanpurnagarnigam.in** व **www.etender.up. nic.in** पर देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धित शर्तो एवं विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | पत्रावली सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GS-R03 | वाहन बडी पोकलेन संख्या-02 की मरम्मत का कार्य। | 763459.00 | 76346.00 | 826.00 | 15 दिन |
| 2 | GS-R06 | छोटी पोकलेन संख्या-03 की मरम्मत का कार्य। | 221277.00 | 22128.00 | 590.00 | 15 दिन |

| | |
|---|---|
| E Bid REFERANCE | GS- R03, GS- R06/2022-23 |
| PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP | 22-10-2022 up to 5:00 PM |
| LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E-Bids | 29-10-2022 at 2:00 PM |
| DATE AND TIME OF OPENING OF ON LINE TECHNICAL E-Bids | 29-10-2022 at 4:00 PM |
| PLACE OF OPENING OF E-Bids | Nagar Nigam Office (Sre.) |
| E-Bids SECURITY | As Above |
| E-Tender Document Processing | As Above |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, सहारनपुर

22.10.22
अपर नगर आयुक्त
नगर निगम,सहारनपुर

पत्रांक एंव दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि -

1. माननीय महापौर महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
3. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को सूचनार्थ।
4. आई.टी.ओ., नगर निगम, सहारनपुर, को नगर निगम की वेबसाईट **saharanpurnagarnigam.in** पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रवन्धक दैनिक ...अमर उजाला...एंव दैनिक ...राष्ट्रीय भारत... समाचार पत्र को इस आशय से कि उक्त सूचना का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में 09 फोन्ट में डीएवीपी दर/शासकीय दर पर प्रकाशित कर, बिल 3 प्रतियो सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
6. नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. गार्ड फाईल हेतु।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, सहारनपुर

22.10.22
अपर नगर आयुक्त
नगर निगम,सहारनपुर

शर्तेः-

1. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो लेखाधिकारी, नगर निगम सहारनपुर के पक्ष में बन्धक कराकर संलग्न कराना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि या जमानत राशि के निविदा अवैध मानी जायेगी।
2. अनुमानित आंगणन धनराशि से निम्न निविदा डालने पर उतनी अतिरिक्त धनराशि (परफोरमेन्स गारन्टी शासनादेश के कार्यालय ज्ञाप संख्या 622/23-12 -2012-2आडिट/ 08 टी0सी0 2 दिनांक 08, जून, 2012 के अनुसार निविदा न्यून होने पर न्यूनतम निविदा दाता को निविदा स्वीकृति के उपरान्त अनुबन्ध से पूर्व जमा करनी होगी।
3. कम्पनी/फर्म को किये गये कार्य की 1 वर्ष की गारन्टी लिखित रूप में निविदा के साथ संलग्न कराना अनिवार्य होगी। बिना लिखित गारन्टी के निविदा अवैध मानी जायेगी।
4. निविदा के प्रपत्रों के साथ समकक्ष कार्य का किसी भी सरकारी विभाग का अनुभव प्रमाण पत्र/कार्य आदेश सलंग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की दशा में निविदा अवैध मानी जायेगी।
5. निविदादाता को फर्म/कम्पनी का जी0एस0टी0 एवं पैन की छायाप्रति संलग्न कराना अनिवार्य है।
6. कम्पनी/फर्म को कार्य में प्रयोग किये गये पार्टस के बिलों को कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. कम्पनी/फर्म को कार्य दी गयी समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण कर बिल कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।
8. कम्पनी/फर्म द्वारा किये गये कार्य की गुणवत्ता की जॉच संतोषजनक होने के उपरान्त ही नगर निगम द्वारा भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
9. कम्पनी/फर्म को किसी भी परिस्थिति में किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नही किया जायेगा।
10. कम्पनी/फर्म को उपरोक्त शर्तो के आधीन रहकर ही कार्य करना होगा। किसी भी शर्त में संशोधन का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर को होगा।
11. यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को अवकाश रहता है। तो निविदा को अगले कार्यशील दिवस में खोला जायेगा।
12. अन्य सम्बन्धित जानकारी, गैराज स्टोर कार्यालय सहारनपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यशील दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

जेड0एस0ओ0 | सहायक नगर आयुक्त | अपर नगर आयुक्त